हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

07 कलेक्टर की अगुवाई में प्रशासन ने अतिक्रमण...



08 मां जालपा गोशाला में 3 दिन में 16 मवेशियों की मौत, किया...





# गुलाब और मिठाई के साथ सुरक्षित वाहन चालकों का सम्मान

### जागरूक चालकों में से प्रत्येक सप्ताह तीन लकी विनर्स बनेंगे " हेलमेट हीरो "

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन तथा डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा माह–2026 (01 जनवरी से 31 जनवरी 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 06 जनवरी 2026 मंगलवार 'सेफ्टी डे' के अवसर पर शहर के जयस्तंभ चौराहे पर यातायात नियमों के प्रति एक सराहनीय एवं प्रेरणादायी जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले दोपहिया चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया । सम्मान पाकर चालकों के चेहरों पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी । संवाद के दौरान इन जागरूक चालकों ने बताया कि कई बार दुर्घटना के समय हेलमेट ने उनकी जान बचाई, इसलिए अब हेलमेट उनके लिए सिर्फ नियम नहीं,





बल्कि जीवन का सुरक्षा कवच बन चुका है । ट्रैफिक प्रभारी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी माह जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है । गुना जिले में यह अभियान दुर्घटनाओं को न्यूनतम से शून्य के लक्ष्य के साथ "फोर पिलर मॉडल" इंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेंट एवं इमरजेंसी केयर की थीम पर संचालित किया जा रहा है, जिसमें केवल चालानी कार्यवाही नहीं बल्कि हर नागरिक की जान की सुरक्षा ही सर्वोच्च उद्देश्य है । साथ ही सड़क सुरक्षा माह के दौरान हर मंगलवार को "नो चालान डे" रखा गया है, जिसमें चालान न बनाकर केवल समझाइश देकर लोगों को जागरूक किया जाएगा । इसके अतिरिक्त स्थानीय एनजीओ एवं जन सहयोग से "Helmet Hero" अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हेलमेट पहनने वाले नागरिकों में से प्रत्येक सप्ताह 3 लकी विनर्स को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले लोग भी प्रेरित होकर सुरक्षित आदत अपनाएं । गुना पुलिस की आमजन से अपील है कि दिनांक 01 से 31 जनवरी 2026 तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सक्रिय सहभागिता निभाएं, ताकि जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में ठोस, स्थायी एवं सकारात्मक कमी लाई जा सके और हर सफर सुरक्षित बन सके ।

### पैची कांड में घायल जवानों का हौसला बढ़ाने अस्पताल पहुंचे एसपी-कलेक्टर

# 29 से अधिक आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चांचौड़ा क्षेत्र के पैची गांव में सोमवार को पुलिस टीम पर हुए हिंसक हमले ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। कर्तव्य का पालन करते हुए कानून-व्यवस्था संभालने पहुंची पुलिस टीम पर गुस्साई भीड़ ने पत्थरबाजी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें एक एएसआई, एक प्रधान आरक्षक सहित दो अन्य आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मार्मिक घटना के बाद मंगलवार सुबह कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।अस्पताल में कलेक्टर एवं एसपी ने घायलों से घटना की पूरी जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाया।

कलेक्टर श्री कन्याल ने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि घायल पुलिसकर्मियों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान कलेक्टर ने सख्त शब्दों में कहा कि जिले में किसी को भी



कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। पुलिस टीम पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं एसपी अंकित सोनी ने घटना को गंभीर बताते हुए बताया कि गांव में वर्तमान में 100 से 120 पुलिस बल तैनात किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### एसपी अंकित सोनी ने भेजीं आरोपियों की तलाश में टीमें

इस मामले में 29 नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सोमवार रात को ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि शेष आरोपियों की तलाश में टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।घटना के पीछे की वजह प्रेम-प्रसंग बताई जा रही है।

### ये है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार 28-29 दिसंबर को एक युवती के लापता होने की रिपोर्ट चांचौड़ा थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवती को दस्तयाब कर लिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि युवती बालिग है और उसने अपने बयान में मौना समाज के एक युवक से विवाह करने की बात कही थी। युवती ने परिजनों के साथ जाने से इंकार कर दिया, जिसके बाद उसे वन स्टॉप सेंटर भेजा गया था।

इधर, सोमवार को युवती के परिजन बीनागंज चौकी पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर शांतिपूर्वक भेज दिया। आरक्षकों को भीड़ ने घेर लिया और बेरहमी से मारपीट की लेकिन इसके बाद गुस्साए लोगों ने बीती शाम पैची गांव में चक्काजाम करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे दो आरक्षकों को भीड़ ने घेर लिया और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की।

जब अपने जवानों को बचाने पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो भीड़ और उग्र हो गई और पुलिस पर पत्थरबाजी करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## जनसमस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में पहुंचे काफी संख्या में आवेदक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश देते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान कुछ प्रमुख आवेदन विशेष रूप से चर्चा में रहे, जिनमें धार्मिक ट्रस्ट की जांच, सेवानिवृत्त कर्मचारी के लंबित भुगतान , गांव में गौशाला निर्माण की मांग और 40 फुट की रोड पर कब्जे की शिकायत शामिल है।जनसुनवाई में पं. निरंजन शर्मा निवासी खेड़ापति कॉलोनी, सहित भक्तगणों की ओर से आवेदन में उल्लेख किया गया कि हनुमान टेकरी मंदिर गुना जिले का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं और दान पेटी में श्रद्धा से चढ़ावा अर्पित करते हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया कि ट्रस्ट के वर्तमान पदाधिकारी एवं कर्मचारी ट्रस्ट नियमावली के अनुरूप दान राशि के उपयोग, दैनिक विवरणी, सार्वजनिक जानकारी और मंदिर विकास कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरत रहे हैं। दान पेटी को सार्वजनिक रूप से नहीं खोला जा रहा है और न ही यह बताया जा रहा है कि चढ़ावे की राशि का उपयोग मंदिर विकास, संतों के निवास, उपचार, गौशाला अथवा अन्य जनहित कार्यों में कहां और कैसे किया गया।आवेदन में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सार्वजनिक और निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था बनी रहे।दूसरा आवेदन गीताबाई पत्नी स्व. बापूलाल मीना, निवासी लंबा चक, तलावड़ा (तहसील कुंभराज) द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्व. बापूलाल मीना लोक निर्माण विभाग उपसंभाग चांचौड़ा में स्थायी कर्मी थे, जिन्हें 31 जनवरी 2020 को सेवा निवृत्त किया गया। 19 अक्टूबर 2022 को उनके निधन के बाद भी अब तक एनपीएस कटौती की अंतिम राशि का भुगतान नहीं किया गया है।आवेदन में बताया गया कि भुगतान न होने से परिवार को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थीया द्वारा प्राण कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर शीघ्र भुगतान की मांग की गई। तीसरा आवेदन सोदान सिंह पुत्र गोपी, निवासी ग्राम जबलपुरा, धुनगरी पहाड़ी, जिला गुना द्वारा दिया गया। आवेदन में बताया गया कि गांव में बड़ी संख्या में गायें एवं अन्य आवारा पशु इधर-उधर भटक रहे हैं। उनके लिए न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही चारे की, जिससे पशु भूख-प्यास से तड़प रहे हैं।आवेदक ने बताया कि पूर्व में भी गौशाला निर्माण हेतु आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने ग्राम जबलपुरा में गौशाला निर्माण कर पशुओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने की मांग की।आरोन के वार्ड क्रमांक 9 के बावड़ी मोहल्ला में 40 फुट की रोड पर कब्जा कर लेने की शिकायत रहवासियों ने जन सुनवाई में की है। इस संदर्भ में बावड़ी मोहल्ला में वेयर हाउस के पीछे रहने वाले रहवासियों ने शिकायत की है कि सर्वे नं. 1445/6 के शासकीय रिकॉर्ड में 40 फुट का रास्ता दर्ज है, जिस पर कल्याण सिंह ने कब्जा कर लिया है जिसके कारण रहवासियों को आवागमन के दौरान जबरिया परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान रहवासियों ने यह कहते हुए नाराजगी जताई है कि इस आशय की शिकायत करने पर भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

## रोटरी मेडिकल मिशन के तहत चंपावती में लगा स्वास्थ्य शिविर

**चांचौड़ा**। नर सेवा ही नारायण सेवा भाव को चरितार्थ करते हुए मध्यप्रदेश शासन एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब गुना एवं रोटरी क्लब गुना रॉयल के सयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चाचौड़ा (चंपावती) में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली एवं जगमोहन बंसल, सुनील अग्रेश, समाजसेवी चंद्रशेखर मीणा, विनोद मीणा सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम के साथ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय गुना के डॉक्टर नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक गोयल, हड्डी रोग विषेषज्ञ डॉ



वीरेंद्र धाकड़, महिला रोग विषेषज्ञ डॉ अंजली सिंह, दंत रोग विषेषज्ञ डॉ अंकिता राजपूत, एम डी मेडिसिन डॉ आर एस राजपूत, डॉ आनंद जैन, एवं डॉ रोहित मालवीय सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा 200 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया एवं गंभीर मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन सिलेक्शन के लिए जिला अस्पताल गुना रेफर किया गया। रोटरी अध्यक्ष सीए अग्रवाल ने बताया कि अगला कैम्प 8 जनवरी 2026 को मृगवास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया जाएगा। जिसको लेकर संस्था द्वारा क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक रोगियों से स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया गया हे।

## पुलिस ने जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार किए

**गुना**। धरनावदा थाना पुलिस द्वारा त्वरित एवं सफल कार्रवाई की गई। 06 जनवरी को दोपहर में धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा में एक खेत की मेड़ पर कुछ व्यक्ति ताश पत्तों से रुपये की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दबिश देकर जुआ खेल रहे तीन व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ लिया । इनमें राजेन्द्र कुमार धाकड़, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम विजयपुर, विजय सिंह अहिरवार, उम्र 40 वर्ष मुकेश अहिरवार, उम्र 28 द्वारा मौके से 7,290 रुपये नगद एवं ताश की एक गड्डी विधिवत जब्त की गई।

### पत्रकारों के हितों से शुरू हुआ समाज के कल्याण का सफर, समाज के हर वर्ग तक पहुंचा अभियान

# 6 दिन में 144 परिवारों का कराया 21 करोड़ 60 लाख से अधिक का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पत्रकारों द्वारा स्थापित प्रेस क्लब के माध्यम से शुरू किया गया सामाजिक सुरक्षा अभियान अब व्यापक रूप ले चुका है। जरूरतमंदों को निशुल्क बीमा उपलब्ध कराने की इस मुहिम में अब तक 21 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक का बीमा सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। यह अभियान न केवल पत्रकारों तक सीमित रहा, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों तक निरंतर विस्तार करता जा रहा है। कुशवाह और ओझा समाज ने

### पत्रकारों के हित से समाज के कल्याण तक का सफर

प्रेस क्लब द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान सबसे पहले पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया



गुना। प्रेस क्लब द्वारा ओझा समाज के माध्यम से लगाया निशुल्क बीमा शिविर।

गया था। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद इसे कुशवाहा समाज के जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया गया, वहीं हाल ही में ओझा समाज के लोगों को भी इस योजना का लाभ दिया गया है।

### एक दर्दनाक घटना बनी बदलाव की प्रेरणा

बीते दिनों रामू चौरसिया की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत और इसके बाद उनके परिवार पर आए आर्थिक संकट ने प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा को गहराई से झकझोर दिया।

इसी घटना ने उन्हें यह सोचने के लिए विवश किया कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को भविष्य की



गुना। प्रेस क्लब द्वारा कुशवाह समाज के माध्यम से लगाया निशुल्क बीमा शिविर।

अनिश्चितताओं से सुरक्षा देना अत्यंत आवश्यक है।

### सामाजिक सुरक्षा का संकल्प

इसी पीड़ा और संवेदना से प्रेरित होकर आनंद सिंह लोढा ने समाज के जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया। इसके परिणामस्वरूप इस अभियान की नींव रखी गई, जो आज एक प्रभावशाली सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है।

### यह लोग हुए लाभांवित

श्री राम जानकी नवीन मंदिर कुशवाह समाज और धर्मशाला एवं पाठशाला ट्रस्ट पुरानी छावनी गुना के पदाधिकारी अध्यक्ष हेमंत सिंह कुशवाह, कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम कुशवाह, महासचिव चंद्र शेखर कुशवाह शिक्षक, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह कुशवाह आरा मशीन , उपाध्यक्ष रमेश कुमार कुशवाह ट्रांसपोर्ट, सचिव हेमराज कुशवाह देवकृपा, कोषाध्यक्ष विनोद कुशवाह श्री राम ट्रेडर्स, संरक्षक मोतीलाल कुशवाह , संरक्षक कालूराम कुशवाह , संरक्षक लक्ष्मीनारायण कुशवाह संरक्षक हरगोविंद कुशवाह, संदीप कुशवाह , बना कुशवाह, सुरेश कुशवाह पूर्व उपाध्यक्ष , चिरौंजी बाई कुशवाह , शीला कुशवाह , मुन्नीबाई कुशवाह, नवदीप सिंह कुशवाह, अर्जुन सिंह कुशवाह, सुनील कुशवाह , प्रताप कुशवाह सब्जी मंडी, टीकम सिंह कुशवाह, भूपेंन्द्र सिंह कुशवाह आदि शामिल हैं।

## समाचार संक्षेप

### संभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन कल

**गुना**। ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है जिसके लिए गुना जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम का चयन गुना क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में किया जाएगा ।चयन हेतु ट्रायल कल बुधवार को इंदिरा देवी सिसोदिया क्रिकेट क्लब,पीजी कॉलेज के इंडोर हाल के सामने होगी जो दोपहर दो बजे से प्रारम्भ होगी,चयन प्रक्रिया मेंभाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी मूल दस्तावेज जिसमें पिछले तीन वर्ष की अंकसूची ,जन्म प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड, आधार कार्ड अपडेट हिस्ट्री ,समग्र आईडी को आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा ।जिन भी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेना है वह संगठन के सचिव सौरव रघुवंशी से संपर्क कर सकते हैं।

### यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**आरोन**। आरोन क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत और निजी विक्रेताओं द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर अब सत्ता पक्ष के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा (मंडल आरोन) के अध्यक्ष सचिन सप्रे ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर क्षेत्र के



किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है निजी विक्रेता कर रहे किसानों का शोषण पत्र में आरोप लगाया गया है कि वर्तमान व्यवस्था में यूरिया खाद का वितरण निजी विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है। ये निजी विक्रेता खाद की निर्धारित कीमत से 75 से 100 तक अधिक वसूल रहे हैं। इसके कारण क्षेत्र के गरीब किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है और वे 'ब्लैक' में खाद खरीदने को मजबूर हैं पुरानी व्यवस्था बहाल करने अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सचिन सप्रे ने मांग की है कि डबल लॉक वितरण केंद्र खाद वितरण की पुरानी 'डबल लॉक' व्यवस्था को फिर से बहाल किया जाए, ताकि किसानों को एम.आर.पी (MRP) पर खाद मिल सके। निजी विक्रेता किस दर पर खाद बेचेंगे, इसकी सार्वजनिक सूचना दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से लगाई जाए। सरकारी सूचना पटलः तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय और कृषि कार्यालय के सूचना पटल पर प्रतिदिन शासन द्वारा निर्धारित रेट प्रदर्शित किए जाएं ताकि किसानों में जागरूकता रहे।किसानों में आक्रोश क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खाद की सही समय पर उपलब्धता न होने और ऊपर से अधिक दाम वसूले जाने के कारण उनकी खेती की लागत बढ़ रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष के इस पत्र के बाद अब देखना यह है कि प्रशासन कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं पर क्या कार्रवाई करता है।

### विजयपुर में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन जयवर्धन सिंह ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**विजयपुर**। तात्या टोपे ग्राउंड, विजयपुर में यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में बजरंगगढ़ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते



हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा 41,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं रूठियाई टीम उपविजेता रही, जिसे 21,000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर क्रिकेट प्रेमियों का भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के हजारों दर्शक प्रतियोगिता का आनंद लेने तात्या टोपे ग्राउंड में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में एनएफएल विजयपुर के संचालक विनय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष जिय कुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श चंद्रमोहन 'चुन्नू' मीणा, राघौगढ़ नगर पालिका के पार्षदगण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल वस्त, क्षेत्र के सरपंचगण एवं विजयपुर ग्राम के वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे।अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

### शिवांगी पब्लिक स्कूल में बच्चों के चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य बनाने का दिया संदेश

**गुना**। मानव उत्थान सेवा समिति शाखा गुना द्वारा शिवांगी पब्लिक स्कूल गुना में सद्गुरु देव श्री सतपाल जी महाराज के शिष्य महात्मा वर्धमाना नंद जी ने बच्चों में सदगुण सदाचार



पैदा करने वाले आध्यात्मिक विचारों की प्रेरणा दी बच्चों में सद्गुण पैदा होने से एक अच्छे समाज की रचना होगी ।स्कूल के प्राचार्य के साथ वहां के सभी स्टाफ एवं बच्चों ने बड़े ध्यान से महात्मा जी के विचारों को सुना । प्रधानाचार्य ने महात्मा जी के विचारों को बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु श्रेष्ठतम बताया इसी से अच्छे मानव समाज का निर्माण हो सकता है महात्मा जी के साथ समिति के जिला प्रधान बृजेश धाकड़ जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण ओझा एवं जिला सचिव प्रमोद रघुवंशी भी साथ रहे । रघुवंशी ने मानव धर्म मंदिर विंध्याचल कॉलोनी में प्रत्येक रविवार 2 बजे से 4 बजे तक होने वाले सत्संग में आने के लिए प्रेरित किया।

## समाचार संक्षेप

### तेराई कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक जयवर्धन सिंह ने दी स्व. राजेंद्र प्रसाद शर्मा को श्रद्धांजलि



**आरोन।** नगर परिषद पार्षद मूलचंद भोहरे के भाई एवं सुरेंद्र भोहरे के पूज्य पिताजी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शर्मा भोहरे के निधन पर आयोजित तेराई कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह शामिल हुए। विधायक सिंह ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर मेहरबान सिंह धाकड़, विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, ब्लॉक प्रभारी रविंद्र रघुवंशी, कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, गोपाल सोनी, सहिततेराई कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।


### संस्था प्रधानों की बैठक का आयोजन

**आरोन।** मंगलवार को संकुल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन में सहायक संचालक महोदय तथा संकुल प्राचार्य नंदलाल यादव सर , बीआरसी माखन धाकड़, बीएसी विपिन भार्गव की उपस्थिति में प्राइवेट स्कूलों की छात्रवृत्ति प्रोफाइल अपडेशन तथा असफल पेंडिंग खातों के संदर्भ में संस्था प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें उन्हें 2 दिवस में अविलंब कार्य पूर्ण कर लिखित प्रमाणीकरण जमा करने के निर्देश संचालक महोदय द्वारा दिए गए।




### सर्व समाज हिंदू संगठन समाज के अध्यक्ष गुलाब सिंह के निधन से शोक

**राघोगढ़।** नगर के सर्व समाज हिंदू संगठन समाज के अध्यक्ष गुलाब सिंह गुर्जर का बीमारी के चलते 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया । इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी उन्होंने अपना जीवन हिंदू समाज की सेवा के रूप में निकाल दिया। सर्व हिंदू समाज संगठन के प्रति पूरा जीवन समर्पित करने वाले गुलाब सिंह गुर्जर का धार्मिक सामाजिक कार्यों में योगदान अनुकरणीय ही कहा जाएगा क्योंकि हर समाज के जुलूस का का स्वागत सम्मान मुख्य चौराहे पर उनकी टीम द्वारा किया जाता था उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# नपा में अतिक्रमण और यातायात संबंधी हुई बैठक एसडीएम बोलें-धरातल पर जल्द कार्रवाई देखने मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

नगर की लचर यातायात व्यवस्था और पसरे अतिक्रमण को लेकर नगर में जल्द रूठियाई जैसी बड़ी कार्यवाही देखने को मिलेगी। इसका स्पष्ट संदेश नपा सभागृह में हुई अतिक्रमण और यातायात संबंधी हुई बैठक में एसडीएम अमित सोनी ने दिया। दरअसल, नगर में यातायात व्यवस्था और मुख्य चौराहों पर लगने वाले घंटों जाम से रहवासियों को निजात मिलेगा। सोमवार को नगरपालिका परिषद के सभागृह में एसडीएम अमित सोनी की अध्यक्षता में अतिक्रमण और यातायात संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिसमें नपाध्यक्ष, सीएमओ सहित वार्ड पार्षद व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। बैठक में पूर्व नपाध्यक्ष नरेंद्र लाहोटी द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था और पसरे अतिक्रमण को लेकर चिंता जाहिर की, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हर बार इन्हीं मुद्दों को लेकर बैठक की जाती है, परन्तु धरातल पर न तो कार्यवाही होती है और न समीक्षा की जाती है। साथ ही, पार्षद गोपाल



पटवा द्वारा बैठक में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए कार्य करें, साथ ही अतिक्रमण को लेकर पार्षद द्वारा कहा गया कि मेरा वार्ड भी वर्तमान में अतिक्रमण मुक्त हुआ है। एसडीएम अमित सोनी ने बैठक स्पष्ट रूप से कहा गया कि बाजारों में हाथ ठेलें, दुकानदारों की गए अतिक्रमण को लेकर अब किसी भी प्रकार की हिदायत न देते हुए सीधी चालानी कार्यवाही की जाएं। जहां जरूरत पड़ेगी वहां पुलिस प्रशासन की सहायता ली जाएगी और जल्द कार्यवाही धरातल पर देखने को मिलेगी, जिससे नगर को सुगम यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण मुक्त किया जा सकें। जिससे घंटों जाम लगने जैसी स्थिति निर्मित न हो। बैठक में एसडीएम अमित सोनी, नपाध्यक्ष विजयकुमार साहू, सीएमओ तेजसिंह यादव, तहसीलदार रेणु कासलीवाल, डीएसपी आनन्द राय, पार्षद गोपाल पटवा, अंकित शर्मा, श्री लाल कुशवाहा, अशोक मीना सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

#### बैठक में इन बिंदुओं पर बनी सहमति

1. बाहरी वाहनों का नगर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा।
2. सब्जी व फल ठेले की दुकान, नवीन सब्जी मंडी और पुरानी सब्जी मंडी में ही लगाई जायगी।
3. शिक्षण संस्थान व बैंक आदि को खुद की पार्किंग सुविधा करने नोटिस जारी किए जाएगा, जिससे जाम न लगें।
4. नगर में लगी अंडे, मटन की दुकानें मिट मार्केट में ही लगाई जायेगी।
5. सड़कों पर नो पार्किंग में खड़ी दो पहिया और चार पहिया वाहनों को नपा द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी।
6. गायों को एकत्रित कर गोशाला पहुंचाया जाएगा।
7. सांडा कॉलोनी में सब्जी दुकानों व फास्ट फूड की दुकानों को मंडी में शिफ्ट किया जाएगा।
8. सांडा कॉलोनी में पार्कों का सौंदर्यीकरण कर सेल्फी स्पॉट बनाया जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित है व रीड की हड्डी होता है: हीरेंद्र सिंह बंटी बना

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

भारतीय जनता पार्टी मंडल की कामकाजी बैठक अंबिका मैरिज गार्डन आरोन में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि राघौगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता हीरेंद्र सिंह बंटी बना एवं अध्यक्षता मुनीश जैन द्वारा की गई इस अवसर पर बंटीबना जी ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए समर्पित एवं पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया तथा पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता रीड की हड्डी होता है एवं ए स आ ई आ र मतदाता सूची विशेष पुन निरीक्षण अभियान में सक्रियता से भागीदारी के लिए समस्त पोलिंग बूथ एवं बायो 2 को आभार व्यक्त किया एवं आगामी 10 जनवरी तक पोलिंग बूथ पर विशेष कार्य करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर देवेंद्र सिंह रघुवंशी संजीव सोनी गोविंद प्रसाद शर्मा छगनलाल तिवारी बृजेंद्र राजपूत पार्षद सोनू रघुवंशी पार्षद महेंद्र यादव वर्षा कुशवाहा सुरजीत धाकड़ रामकुमार धाकड़ नीलम सिंह धाकड़ श्रवण कुमार जैन विशाल कंबोज जयवर्धन सिंह परमार रामस्वरूप नामदेव प्रकाश मीणा कैलाश रघुवंशी देवेंद्र शर्मा रवि शंकर सेन देवेंद्र यादव धर्मेंद्र यादव पूरन लोधी हीरालाल बुनकर पन्नालाल बुनकर सचिन यादव कपिल परिहार बृजभान यादव वीरेंद्र यादव मंच शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पोलिंग बूथ अध्यक्ष उपस्थित में संपन्न हुई संचालन डॉक्टर राजीव सिंह राजावत द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त लखन जाटव द्वारा किया गया।



# शासकीय पेंशनर संघ की वार्षिक बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़


राघोगढ़ रविवार को शासकीय पेंशनर संघ की वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसमें जिन सदस्यों का जन्म दिन था । उनको प्रमाण पत्र देकर स्वागत सम्मान किया एवं संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालमुकुंद बास्त्री के पुत्र ललित को प्रदेश में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया । संघ द्वारा आयोजित भागवत कथा में सभी के योगदानकर्ताओं की सराहना की गई ।

इस अवसर पर शासकीय पेंशन संघ अध्यक्ष आर बी एस परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष बलबीर गुर्जर ,नरेन्द्र कुमार वास्त्री ,बसन्ती सेन ,रमेश चन्द सैनी, आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने व उसे बंद करने की साजिश के खिलाफ कांग्रेस का जागरूकता अभियान, घटावदा में पंचायत समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने एवं उसे धीरे-धीरे बंद करने की कथित योजना के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने ग्राम पंचायत घटावदा में जन-जागरूकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित किया गया, जो पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुना जयवर्धन सिंह (बाबा साहब) के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने हेतु पंचायत समिति का गठन भी किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुना जिला ग्रामीण प्रभारी शिवकुमार उपरिंग ने कहा कि"मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। केंद्र सरकार इस योजना को कमजोर कर मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी और जनता के हक की रक्षा करेगी।"वहीं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने कहा कि"मनरेगा ने गांव के अंतिम व्यक्ति को रोजगार और सम्मान दिया है। भाजपा



सरकार इस ऐतिहासिक योजना को खत्म कर गांवों से रोजगार छीनना चाहती है। कांग्रेस संगठन गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई से अवगत कराएगा और मनरेगा को बचाने की निर्णायक लड़ाई लड़ेगा।"उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2005 में कांग्रेस सरकार ने गांवों के विकास और मजदूरों को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से मनरेगा की शुरुआत की थी। आज स्थिति यह है कि पंचायतों को पर्याप्त बजट नहीं दिया जा रहा और अब नाम बदलने की प्रक्रिया के माध्यम से इस जनहितैषी योजना को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है, जिससे ग्रामीण विकास पूरी तरह ठप हो जाएगा।बैठक में केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कांग्रेस संगठन को बूथ व पंचायत स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर गुना आबिद खान मारसाहब, ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर कुशवाह, मनीष रघुवंशी, ओमप्रकाश शर्मा, आशिम भटनागर, भगवान सिंह अहिरवार, राजू रघुवंशी (देवरी), उमाशंकर, नीरज यादव, हरीश जाट, अरविंद नठाई सहित अनेक सरपंच, पंच, जनपद सदस्य एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष ने रेलवे स्टेशन के बाहर सो रहे लोगों को पहुंचाया रेन बसेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

रात्री के समय नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया नगर पालिका सी.एम.ओ विनोद उन्नीतान के साथ रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर पहुंचे। वहां ठंड में खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों से उन्होंने संवाद किया और नगर पालिका परिषद द्वारा नवीन बस स्टैंड के पास निशुल्क रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है, जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने सभी से वहां चलने का आग्रह किया।

नगर पालिका की व्यवस्था से करीब एक दर्जन (लगभग 12) जरूरतमंद लोगों को ऑटो में बैठाकर रैन बसेरा पहुंचाया गया। रैन बसेरा में पलंग, गद्दे, रजाई, हीटर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ वहां पहुंचने के बाद लोगों ने लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने सर्दी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में न सोने की अपील करते हुए रैन बसेरा की सुविधाओं का उपयोग करने का संदेश दिया।



## ज्ञान को भी संग्रहालय कर रख लें-दुर्लभ सागर महाराज

**राजपुर।** राजपुर कस्बे में चल रहे सिद्ध चक्र महामणल विधान स्थल पर गांव वासियों को संबोधित करते हुए मुनी श्रीं दुर्लभ सागर जी महाराज ने कहा कि आप अगर ज्ञान को नहीं समझोगे तो वह ज्ञान भी वेकार हों जायेगा। उन्होंने कहा कि हमें मानव जीवन मिला है हम इस जीवन को परोपकार के कार्यों में लगाएं। मानव जीवन की यही विशेषता है कि हम जीवन को जीते हुए अन्य लोगों के जीवन को भी संभाले। प्रतिदिन देवशास्त्र गुरू का स्मरण करें। हमारे जीवन में ज्ञान से ही सबकुछ प्राप्त होने वाला है इस लिए ज्ञान को अर्जित करते रहें हमारा ज्ञान हम तक सिमट कर न रह जाए, इसे बांटते रहें। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर डीएसओ ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

ईसागढ़ तहसील के महिदपुर गांव की 11 वर्षीय नाबालिक बच्ची के संभावित दुष्कर्म व हत्या के दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर डीएसओ ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर महिला सांस्कृतिक संगठन की सदस्य रानी ओझा ने बताया कि विगत 29 दिसम्बर से 11 वर्षीय नाबालिग बालिका पछाड़ीखेड़ा श्मशान घाट के पास स्थित अपने दादा के घर के पास एक हैडपंप से पानी भरते समय लापता हुई थी जिसकी डेड बॉडी विगत 4 जनवरी को 7 दिन बाद खिरिया महू के पास एक कुएं में मिली।

पीड़ति परिवार के माता पिता जब पुलिस के पास पहुंचे तो कार्यवाही के बजाय उल्टा उन्हें ही डराया धमकाया गया और बच्ची को ढूंढने कि बजाय पीड़ति परिवार के ऊपर ही आरोप लगाया गया। हैरानी की बात तो यह है कि 7 दिन से लापता बच्ची की न तो पुलिस तलाश कर पाई और न ही अपराधियों का अभी तक कुछ पता चल पाया है। यह बेहद निंदनीय है अभी तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई भी संतोषजनक जवाब पीड़ति परिवार को नहीं दिया गया है। पुलिस प्रशासन का ढीला रवैया यह दर्शाता है कि मामले की निष्पक्ष जांच करने की बजाय मामले को दबाया जा रहा है। डीएसओ के जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया कि यह बहुत ही दर्दनाक एवं शर्मनाक घटना है प्रदेश में यह पहला मामला नहीं है एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में रोजाना 17 से 18 रेप केस और सैकड़ो महिलाएं- बच्चियां लापता हो रही हैं निश्चित तौर पर लापता महिलाओं - बच्चियों के साथ खौफनाक अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है या उन्हें देह व्यापार में धकेला जा रहा है। वहीं सरकार द्वारा लाड़ली बहना और भांजी कहकर महिलाओं बच्चों को बरगलाने की कोशिश की जा रही है जिससे महिलाओं - बच्चियों पर हो रहे हमलो की तरफ उनका ध्यान न जा सके।




#### मांगों के बिन्दु

1. घटना की निष्पक्ष तरीके से जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए,
2. घटना को गोपनीय न रखकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट को पब्लिक किया जाए,
3. कार्यवाही न करने, जांच में लापरवाही करने व घटना को दबाने का प्रयास करने वाले पुलिस कर्मियों पर करवाई की जाए,
4. पीड़ति परिवार लड़की के माता पिता पर किसी भी तरीके का दबाव न बनाया जाए।

### भवन एवं अन्य संनिर्माण ई-स्कूटर अनुदान योजना में मिला 40 हजार रुपए का अनुदान

**अशोकनगर।** श्रम विभाग की भवन एवं अन्य संनिर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 के अंतर्गत अशोकनगर के निर्माण मजदूर कहर सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर को श्रम विभाग द्वारा 40 हजार रूपये का अनुदान प्राप्त हुआ। उन्होने म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत करवाये गये। पंजीयन का लाभ लेते हुये यह अनुदान प्राप्त किया। उक्त योजनान्तर्गत पंजीकृत श्रमिक आरटीओ के रजिस्ट्रेशन प्राप्त ई-स्कूटर पर इस अतिरिक्त राशि का लाभ ले सकता है। योजना से संबंधित अन्य जानकारी हेतु जिला श्रम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## अत्यधिक ठंड को देखते हुए स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में 7 जनवरी को भी रहेगा अवकाश

**अशोकनगर।** जिले में अत्यधिक ठंड को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा 7 जनवरी 2026 बुधवार को भी जिले के समस्त स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं यथावत रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिला अशोकनगर में वर्तमान में पड़ रही अत्याधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण विद्यार्थीयों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/ अशासकीय/ केन्द्रीय/ नवोदय/ सी.बी.एस.सी/ आई.सी एस.ई /अनुदानप्राप्त/मदरसा बोर्ड/माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से संवंधित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वी तक के सभी विद्यार्थीयों के लिये दिनांक 07 जनवरी 2026 को अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व से निर्धारित परीक्षाऐं समय सारिणी अनुसार संचालित रहेंगी। उक्त अवकाश अवधि में संस्था प्रमुख, समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी विद्यालयों में उपस्थित रहकर विद्यालय के अकादमिक एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को करेंगे।

# लीनेस क्लब 2026 की नवीन कार्यकारिणी गठित, अलका अग्रवाल नई अध्यक्ष बनीं

**अशोकनगर।** सोमवार को लीनेस क्लब 2026 की नवीन कार्यकारिणी गठित हो गई। इसमें अध्यक्ष अलका अग्रवाल,उपाध्यक्ष गंगा रघुवंशी, प्रियंका अग्रवाल, सचिव रश्मि अग्रवाल जयपुरी, अंजना दुबे कोषाध्यक्ष दीपा रघुवंशी, पीआरओ राखी तिवारी मनोनीत हुई।

लीनेस क्लब वर्ष 2010 से अपने सामाजिक दायित्व सतत रूप से निभा रहा है। समाज की दिशा, उसके उत्थान के लिए पर्यावरण संरक्षण निर्धनों को भोजन,निर्धनों को गर्म कपड़ों का वितरण, कन्या विवाह, बालिका छात्रावास में बालिकाओं को किताबें स्कूल ड्रेस का वितरण, स्कूल जाकर निर्धन बच्चों को स्कूल बैग का वितरण इत्यादि सामाजिक दायित्व को निभाते आ रहा है। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल,सुनीता अग्रवाल डॉक्टर रजनी शुक्ला, संगीता अग्रवाल ,लवली रघुवंशी, टीना गुप्ता, पूजा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, रितु रघुवंशी ,रश्मि अग्रवाल, कुसुम अरोड़ा, सीमा बत्रा, संध्या गुप्ता, कुसुम गुप्ता उपस्थित रही।



### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाग डुंगासरा निवासी गुडडी बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी घूमन और सेबकुमार आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी सफिया खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनीश उद्दीन और सलमान उद्दीन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के तहत अमरसिंह प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेश प्रजापति ने अपने ट्रेक्टर से चलाकर उसे और उसके भाई को टक्कर मार दी।

# कलेक्टर ने नो मेपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिस की सुनवाई की समीक्षा

**अशोकनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आदित्य सिंह द्वारा मंगलवार को गूगट मीट के माध्यम से नो मेपिंग वाले मतदाताओं को ईआरओ,एईआरओ द्वारा जारी नोटिस की सुनवाई की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ईआरओ तथा एईआरओ की नो मेपिंग सुनवाई के अंतर्गत की गई कार्यवाही के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित मतदाताओं को नो मेंपिग मतदाताओ के लिए शत प्रतिशत नोटिस तामीली कराई जाए। जिससे मतदाता द्वारा समय पर सुनवाई के लिए निर्धारित दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थि हो सके। साथ ही दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य निर्धारित प्रक्रिया के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। गूगल मीट में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर बृजविहारीलाल श्रीवास्तव,एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव उपस्थित रहे तथा गूगल मीट से समस्त ईआरओ तथा एईआरओ ने जुडकर भाग लिया।



**कार्यालय तहसीलदार**
**तहसील अशोकनगर म.प्र.**
क्र./री.1/2025/3046
अशोकनगर दिनांक 31/12/2025
// विज्ञाप्ति //
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल पुत्र करीम बाल्मिक निवासी बाल्मिक मोहल्ला अशोकनगर ने अपनी स्वयं की जन्म दिनांक 19/8/1965 को होना बताया है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमे किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर मे उपस्थित होकर दिनांक 14/01/2026 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह विज्ञाप्ति पत्र दिनांक 31/12/2025 के मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।
**तहसीलदार**
**तहसील अशोकनगर म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### 47 लीटर अवैध शराब के साथ एक बाईक बरामद

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पुलिस ने चन्द्रभान यादव निवासी गुड़ा टांका और एक अन्य व्यक्ति को तिराहे पर गिरफ्तार किया है जहां से आरोपी के पास से 47 कच्ची शराब का परिवहन करना एवं एक बाईक भी बरामद की गइ है।

### 280 ग्राम गांजा बरामद

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम भुकावली के मोड के पास से पुलिस ने मुन्ना पुत्र सौकत खान के पास से 280 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध नारकोटेक्स के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत प्राणपुर निवासी सविया पत्नि कलीम पठान उम्र 31 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से कलीम पठान,नदीम पठान, वसीम पठान और सफिया बानों द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारिरक और मानसिंक रूप से प्रताड़ति किया गया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत कजराई निवासी अनिल पुत्र तुलसीराम आदिवासी उम्र 28 ने अपने ही घर में पाटोर वाले कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी प्रदीप पुत्र रामचरण कुशवाह उम्र 19 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति के संबंध में कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**अशोकनगर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका/नगर परिषद को शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुढीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत नगरीय निकायों द्वारा संचालित जल प्रदाय योजनाओं के तहत शहरों में की जा रही जलापूर्ति प्रणालियों का उचित अनुरक्षण,जल गुणवत्ता की सतत निगरानी एवं पाइपलाइन रिसाव की समय पर पहचान कर उसे तत्काल में ठीक करना अत्यंत आवश्यक है। केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियंत्रण संगठन द्वारा जारी जल आपूर्ति और उपचार पर नियमावली तथा विश्व में अपनाई जा रही श्रेष्ठतम प्रथाओं को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा संदर्भित पत्रों में विस्तृत निर्देश दिये गये है। कार्यवाही हेतु जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जल प्रदाय योजनाओं के संचालन में पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## दुकानों के बाहर बने पक्के अतिक्रमण तोड़े, दुकान के ऊपर से भी हटाया अतिक्रमण

# कलेक्टर की अगुवाई में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर कितना अतिक्रमण से घिरा है यदि अतिक्रमण है तो किसने किया है, अतिक्रमण से परेशानी है तो किसको है इन सबका यदि कोई जवाब है तो वह हम सब हैं। अतिक्रमण हटाने के फायदे हमारी सुरक्षा से भी जुड़े हैं और हमारे शहर की सुंदरता को लेकर भी है। इस अतिक्रमण को सिर्फ पक्के अतिक्रमण हटाने से काम नहीं चलेगा, शहर को व्यवस्थित करने की क्या योजना है। इस पर भी ध्यान करना होगा। ऐसा न हो कि आज अतिक्रमण हटाया और कल फिर अतिक्रमण हो जाए।

अतिक्रमण शहर में दो प्रकार का है एक अतिक्रमण वह है जिसमें दुकानदारों ने अपनी दुकान के बाहर उनके व्यवसाय की सुविधा के लिए पक्का अतिक्रमण कर लिया है और नालियों को बंद कर दिया है। दूसरा अतिक्रमण वह है जो गुमठी, हाथठेला और ठेलों में बिकने वाली सामग्री को लेकर हैं। यदि मुख्य मार्गों पर दुकानें बाहर तक लगीं है और उनके आगे हाथ ठेले लगे हैं तो कैसे लोगों का निकलना होगा। ठीक ऐसी ही स्थिति हमारे शहर की है शहर पर अतिक्रमण भारी है, वस यही कारण है कि इस अतिक्रमण को हटाने के लिए इस मुहिम का श्री गणेश अस्पताल चैराहे से हुआ है जो आनंदपुर ट्रस्ट तक चला। जिसमें दोनों तरफ की दुकानों के बाहर बने अतिक्रमण जेसीवी मशीन से हटाया गया। यहां नालों पर अतिक्रमण करके रखा गया था। जिससे नाला पूरी तरह से बंद हो गया था और उसके अंदर भरा गंदा पानी बदबू मार रहा था। जैसे ही प्रशासन की टीम अस्पताल चैराहे से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही थी तभी अन्य दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों के बाहर से स्वयं ही सामान हटा लिया।

इस दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही देखने के लिए स्वयं कलेक्टर मौके पर नजर आए। इस दौरान प्रशासन की ओर से एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान, एसडीओपी विवेक शर्मा, सिटी कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान मौके पर मौजूद थे। इस दौरान नगरपालिका का अमला इस अतिक्रमण की कार्यवाही करते हुए नजर आया। प्रशासन की मौजूदगी में चले इस अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही में नगरपालिका के कोई पार्षद आदि भी नजर नहीं आए। प्रशासन की कार्यवाही चलती रही, यह कार्यवाही अब इस शहर के जिस स्थान से शुरू हुई है उससे लगे अन्य मार्गों पर भी इसी तरह की कार्यवाही आगे भी की जाने की जरूरत है ताकि इन मुख्य मार्गों से वाहन चालक, राहगीर आसानी से निकल सकें।

इस शहर में जिस तरह पिछले दिनों चाट ठेलों को पुराने रेस्ट हाउस के बाहर से हटाकर चाट चैपाटी पर भेजा गया है उसी तरह सब्जी विक्रेताओं के बारे में भी इसी तरह का निर्णय लेना होगा। काश सब्जी विक्रेता भी अपने रोजगार के साथ शहर की भी चिंता करें तो शहर में सभी मार्गों पर बिकने वाली सब्जी से होने वाले यातायात में व्यवधान को रोका जा सकता है। यह सब्जी विक्रेता सुबह सब्जी मण्डी में सब्जी बेचते हैं और बाद में हाथ ठेलों में रखकर सब्जी चैराहों पर ले आते हैं। यदि इन सब्जी विक्रेताओं को जिस जगह सुबह बेचते हैं उसी जगह पूरे दिन रखा जाए तो शहर में जगह जगह व्यवधान नहीं होगा। अभी शहर में घोषित रूप से दो स्थान पर सब्जी मण्डी लगती है एक स्टेडियम के पास और दूसरी गौशाला रोड पर अगर तीसरी सब्जी मंडी लवकुश मंदिर के पास लगाने का निर्णय लिया जाए तो रेलवे लाईन के दोनों ओर के लोगों को मदद मिल सकेगी। अतिक्रमण हटाओ मुहिम की कार्यवाही के दौरान शुभ्रता त्रिपाठी ने बताया कि अभी जो कार्यवाही की गई है उसमें नगरपालिका की नालियां, या नाले को साफ सुथरा रखने के लिए इन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है यह अतिक्रमण की एक गाइडलाईन है।

### कार्रवाई जारी रहेगी

जिले में जो भी अतिक्रमण किया गया है उसे हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जब तक पूरा अतिक्रमण सभी मार्गों से नहीं हट जाता तब तक यह कार्यवाही जारी रहेगी। जिन लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है वह सामान स्वयं अपने साथ ले गए हैं, जो सामान नगरपालिका द्वारा हटाया जाएगा उसे नगरपालिका जप्त करेगी।

**आदित्य सिंह, कलेक्टर** जिला अशोकनगर

# जिले में अब तक 7.4 सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में शीत लहर का प्रकोप जारी है मंगलवार को अशोकनगर जिले का सबसे न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे जिले के लोग ठंड से कप कपाते रहे। बर्फीली हवाएं चलने से जनजीवन अस्त व्यस्त है लोगों को पूरे दिन या तो धूप में निकालना पड़ रहा है या फिर गर्म कपड़े ओड़कर ठंड से बचाव करना पड़ रहा है।

अशोकनगर जिला शीतकाल की दृष्टि से मध्यप्रदेश के जिलों में गिना जाता है जहां शीत लहर का प्रभाव अधिक रहता है अशोकनगर जिला ग्वालियर संभाग का अंतिम जिला है। ग्वालियर का मौसम दिल्ली के मौसम पर निर्भर करता है अगर देश की राजधानी दिल्ली में ठंडा मौसम है तो अशोकनगर जिले में भी ऐसा ही मौसम दर्ज किया जाता है, लगभग लगभग मौसम एक जैसा रहता है। अशोकनगर में दिसंबर महीने के पहले पखवाड़े में अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान है। इस गिरते तापमान की वजह से अशोकनगर जिले में ठंड का व्यापक असर देखने मिल रहा है पिछले दो दिनों से जिले के स्कूलों में अवकाश चल रहा है आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी शीत लहर की वजह से अवकाश घोषित किया गया है लेकिन आगे ठंड के मौसम में स्कूलों की स्थिति क्या बनेगी अभी स्पष्ट नही है। प्रतिदिन शिक्षा विभाग की ओर से या जिला प्रशासन की ओर से जो आदेश आ रहे हैं वह आदेश देर से प्राप्त होते हैं जिसके कारण स्कूलों को बच्चों के परिवारों तक सूचना तक पहुंचाने में परेशानी आ रही है। इस परेशानी की वजह से हर रोज परिवार के लोगों का फोन अखबार के कार्यालय में पहुंचता है क्या आज अवकाश घोषित हुआ है इसकी वजह यही है कि आम जनता के साथ कम्यूनिकेशन में कमी आ रही है और कमी की वजह यह है कि आदेश देर से जारी हो रहे हैं।

जिले में शीतकाल के मौसम की शुरुआत जनवरी माह के पहले सप्ताह से हुई है जिससे पहले पखवाड़े में ठंड का मौसम असर दिखा रहा है और जनवरी महीने में ठंड का असर व्यापक रहने की संभावना है। ठंड के कारण शहर के बाजार में सन्नाटा है सड़कों पर भी देर शाम होते ही बंदे जैसी हालत पैदा हो जाते हैं जैसे ही शादियों का सीजन शुरू होगा वैसे बाजार में रौनक लौटने की संभावना है इन दिनों जिले भर के किसान भी अपने खेतों में व्यस्त है। आमजन ठंड की वजह से मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं इन सब के कारण ठंड की व्यापकता बनी हुई है।

### कलेक्टर ने समस्या सुन कार्रवाई के निर्देश दिए

# जनसुनवाई में 169 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 169 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम खैजरा निवासी पवन प्रजापति द्वारा राशन पर्ची बनवाए जाने,ग्राम जलालपुर निवासी सीताराम द्वारा मार्कशीट एवं स्थानांतरण पत्र दिलवाए जाने,विजयपुरा निवासी सतेन्द्र यादव द्वारा खसरा नंबर को कम्प्यूटर पर दर्ज कराए जाने,नई आबादी अशोकनगर निवासी सिमरन सिजावट द्वारा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने,ग्राम काकाखेड़ी निवासी तुलाराम आदिवासी द्वारा राशन कार्ड बनवाए जाने,ग्राम रतभानपुर निवासी तुलसीराम मोगिया द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम ककरूआ राय के समस्त ग्राम वासियों द्वारा मुक्तिधाम की भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने,केन्ट गुना निवासी समीर खान द्वारा जमीन का बटांकन कराए जाने,नगेश्री चैराहा अशोकनगर निवासी राहुल पाल द्वारा मार्कशीट निकलवाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह आदि रहे मौजूद।




## पिपरई में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर नपा के सफाईकर्मी

**पिपरई।** मंगलवार को सफाई कर्मी नगर परिषद चैराहे पर अपने हाथों में माँगो की तख्तियां लेकर अनिश्चित कल हड़ताल पर बैठे जिसमें महिलाएं भी शामिल है। उन्होंने कहा है जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक हड़ताल जारी रखेंगे।

नगर परिषद के सफाई कर्मचारी निम्न मांगों को लेकर हड़ताल पर कलेक्टर रेट पर वेतन महिला पुरुष दोनों को इपीएफ सुरक्षा निधि लागू हो 3, हर माह 1 तारीख से 7 तारीख तक बेतन डाली जाए। हमारी मागें जब तक नहीं मानी जाती तब तक हम अनिश्चित हड़ताल पर हैं। इधर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बाद पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई. पूरे शहर में सड़कों पर कचरा फैल गया, जगह-जगह कूड़े का ढेर लगे है।

सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

इस विषय में जब नगर परिषद सीएमओ अशोक कुमार वाल्मीकि से बात की तो उन्होंने बताया की सफाई कर्मियों की जो मांगे हैं वह हम पूरी करने में असमर्थ हैं क्योंकि सफाई कर्मी यो की वेतन हमने पिछले महीने ही बढ़ाई है इन लोगों को 4500 से 5500 मिलते थे जो हमने 8000 की है दूसरी नगर परिषद में जो सफाई कर्मी रखे हुए हैं उनकी संख्या अधिक है और सफाई कर्मियों के हित में सोचकर हम सदा चलते हैं हर महीने इनका वेतन डालते हैं जबकि अन्य जगहों में समय पर वेतन नहीं डाल पाए जबकि हम सफाई कर्मियों को हर माह वेतन डालते हैं।

# पारिवारिक विवाद में पति ने अपनी ही गर्भवती पत्नी की गला दवाकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर ग्राम अमाही ताल में एक पति ने अपनी ही गर्भवती पत्नि की गला दवाकर हत्या कर दी। यह घटना पति पत्नि के बीच आए दिन चलने वाले विवाद के बाद पति ने यह कदम उठाया।

घटना की कहानी यह है कि ग्राम अमाही ताल निवासी नन्नू आदिवासी का अपनी पत्नि रामकुंवर बाई के बची किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था। बीती रात भी ऐसा ही हुआ विवाद के बाद नन्नू आदिवासी ने कपड़े अपनी पत्नी का गला घोंट दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद उसने परिवारजनों को घटना से अवगत कराया परिवारजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति ने अपनी पत्नि की हत्या करना स्वीकार किया है।

इस दौरान मृतक महिला के पिता मानसिंह आदिवासी ने बताया कि वह ग्राम हंसारी तहसील बहादुरपुर का रहने वाला है। बेटी की ससुराल अमाही ताल से रात 10 बजे हमें फोन पहुंचा था। हम तुरंत जीप किराए से लेकर बेटी के ससुराल रवाना हो गए और रात 11 बजे उसके गांव पहुंचे। जहां हमारे दमाद नन्नू आदिवासी ने बताया कि मैने अपनी पत्नि को गला दवाकर मार दिया है। उक्त घटना की पुलिस को सूचना दी तब पुलिस वहां आकर बेटी के शव को वाहन में रखकर जिला अस्पताल में ले आई। मेरी 3 बेटियां हैं यह सबसे बड़ी बेटी थी, कोरोना काल में उसका विवाह किया था। उसके बेटी के 2 बच्चे हैं तीसरा बच्चा पेट में पल रहा था। बताया कि बेटी के गले में तोलिया बांध कर गला दबाया गया जिससे उसकी मौत हो गई। यह सब बातें मृतक बेटी के पति नन्नू आदिवासी ने मृतिका के पिता को बताई। वहीं मृतिका के ससुराल पक्ष के जेठ लाल सिह ने बताया कि पति पत्नि में कहा सुनी होती रहती थी परन्तु रात को क्या हुआ हमें कुछ पता नहीं है । हमें जैसे ही उक्त घटना का पता लगा तो हमने मृतिका के मायके वालों को जानकारी दी।

## सादोंह केन्द्र पर समीक्षा बैठक का आयोजन




**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे विभिन्न कार्यक्रमो को लेकर मंगलवार को शक्ति केन्द्र सादोंह पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंडल प्रभारी लखन रघुवंशी धुर्रा मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, शक्ति केन्द्र प्रभारी सुनील देरखा, एसआईआर प्रभारी अनिल कुकरेटा, मोनू रघुवंशी, महेन्द्र सिह किर्रोदा, अनिल रघुवंशी सांदोह, रणवीर सिह सीगाखेडी, देवेन्द्र ऊमरी और अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहर की नालियों से निकल रही है घरों तक जाने वाली पाइपलाइन

# अशोकनगर शहर को भी जरूरत है सीवेज सिस्टम को सुधारने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जब से अशोकनगर शहर बना है तब से आज तक शहर का सीवेज सिस्टम वही का वही है शहर गांव से यात्रा शुरू करने के बाद तहसील होते हुए जिला मुख्यालय का शहर बन गया है इसके बावजूद भी शहर में न तो पानी की निकासी के प्रमुख प्रबंध है और न ही कभी इस दिशा में कोई कार्रवाई की गई।

इसी तरह जो पाइप लाइन लोगों के घरों तक पानी पहुंचाती है उस पाइपलाइन को भी जोड़ने के लिए जो नल घर तक लाए गए हैं वह सब नालियों से होकर आ रहे हैं इन सब नलों को लगाने के लिए लोगों को मजबूरी में अपने घरों के छज्जों के नीचे से निकलने वाली पाइपलाइन के द्वारा पानी प्राप्त करना पड़ रहा है। पूरे शहर में यह जाल फैला हुआ है इस सिस्टम को सुधारने की दिशा में पिछले दोनों कलेक्टर आदित्य सिंह ने भी बैठक ली थी और नगर पालिका भी जल विभाग की बैठक ले चुकी है और इस पर निर्णय भी लिया गया है लेकिन अशोकनगर शहर में पानी की पाइप लाइनों को स्वच्छ रखने का जो तरीका नगर पालिका ने निकाला है। वह यही है कि इन पाइप लाइनों को घरों के छज्जों के नीचे से नाली की जगह सुरक्षित तरीके से निकल जाए ताकि गंदा पानी पाइपलाइन में न जा सके। इसके अलावा शहर में जो पाइपलाइन है वह पाइपलाइन भी बहुत पुरानी हो गई है जब से पाइपलाइन डली है उसको बदला भी नहीं गया है न ही उसकी सफाई हुई है जिसके कारण भी नगर पालिका शहर में स्वच्छ पानी प्रदान करती है उसके बाद भी शुरुआती तौर में पानी गंदा आता है कुछ देर बाद लोगों को पानी साफ प्राप्त होता है। अशोकनगर में कंचन पानी की समस्या जब से नगर पालिका बनी है तब से ही चली आ रही है। पहले फिल्टर प्लांट नहीं थे आज फिल्टर प्लांट है लेकिन पानी की शुद्धता को कैसे स्वच्छ रखने के प्रयास किया जाए इसके लिए जरूरी है कि पाइप लाइन की साफ सफाई हो समय-समय पर टंकियां की सफाई हो ताकि लोगों को साफ और शुद्ध जल मिल सके।

नगर पालिका इसमें यह भी कर सकती है कि जब सड़कों का निर्माण होता है तब सड़कों के बीच में एक बड़ा पाइप सभी पाइप लाइन में कुछ निकालने के लिए डाला जाए ताकि जो पाइप लाइन को जिस व्यक्ति के घर तक जाना है उसे बाहर कट लगाकर निकाला जा सके। इससे इससे घरों में आने वाले पाइपों को नाली के पीछे नहीं निकलना पड़ेगा और पानी भी शुद्ध आता रहेगा लेकिन शहर के सीवेज सिस्टम कि जहां तक बात करें तो पूरे शहर का पानी जहां-जहां से निकलता है वहां पानी के निकासी के वही प्रबंध है। कोई नए प्रयास जितनी भी नगर पालिकाएं आई उनके द्वारा नहीं किए गए न ही सिस्टम के लिए शासन ने कोई अलग से राशि प्रदान की। जिसके कारण यह सिस्टम आज भी वही है जो सालों पहले था इस सिस्टम को भी सुधारने की जरूरत है।

# शीत लहर से निपटने आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

### पर्याप्त मात्रा में दवाओं का भंडारण रखने के निर्देश

शासन के निर्देशानुसार शीत लहर को देखते हुए पूर्व में ही आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशो के परिपालन में आमजन के लिए जागरुकता हेतु एडवायजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी द्वारा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, शहरी नोडल अधिकारी को शीत लहर से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के तहत समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी अपनी- अपनी स्वास्थ्य संस्थाओ जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ठंड व शीतलहर को देखते हुए मरीजो को गर्म कम्बल, सुविधा अनुसार बैड, गर्म पानी व वार्डों को गर्म रखने सबंधी संशोधन की उचित व्यवस्था रखी जाए। समस्त स्वास्थ्य विभागीय स्टॉफ भी अपना बचाव रखे। विशेषतौर पर रात्रि कालीन ड्यूटी स्टॉफ व आकस्मिक सेवाओ सबंधी ड्यूटी स्टॉफ गर्म कपड़े पहने सिर व कानो को ढककर रखे। समस्त संस्था प्रभारी ड्यूटी स्टॉफ को गर्म कम्बल त अन्य संसाधनों को व्यवस्था करवाएं। स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त संस्था प्रभारी संस्था के अंदर जलाव जलाने की व्यवस्था रखें। समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी अपनी-अपनी संस्था पर पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियां, शील लहर से बचाव सबंधी औषधियों का पर्याप्त मात्रा में भंडारण करना सुनिश्चित करें। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को शीत लहर से प्रभावित मरीजों से संबंधित जानकारी प्रतिदिन वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करने हेतु निदेश दिये जा रहे है। समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी संस्था अंतर्गत आने बाले ओपोडी आईपीडी मरीजो को शीत लहर से बचाव सबंधी जानकारियों से अवगत कराये। साथ ही क्षेत्र में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओ आशाओ के माध्यम से आमजन में शीत. तहर के प्रति जागरुकता करवाए। डॉ. बी. एल. टैगोर, जिला सर्विलैस अधिकारी, मोबाईल नम्बर 9827572140 विभागीय स्तर पर आपदा प्रबंधन(शीत लहर), हेतु नोडल अधिकारी रहेंगे। प्राप्त निर्देशानुसार शीत लहर से बचाव हेतु एडवायजरी जारी करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु निर्देश जारी किए गए है।

### नगर पालिका ने मृत गोवंश को बगैर दफनाए छोड़ा, कुत्ते नोचते नजर आए

# मां जालपा गोशाला में 3 दिन में 16 मवेशियों की मौत, किया चक्काजाम

## सूचना के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित दो पूर्व विधायक ट्रैंचिंग ग्राउंड पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित मां जालपा गौशाला में विगत तीन दिनों में 16 गौवंश की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भीषण ठंड के चलते गौवंश काल-कवलित हुआ है। लापरवाही की हद तो तब हो गई जब नगर पालिका ने भी इन मृत गौवंश को पाटन रोड स्थित टैचिंग ग्राउण्ड में बगैर दफनाए खुले गड्डे में ही छोड़ दिया। खुले में गड्डे में तीन दिनों से छोड़ी जा रहे मृत गौवंश के मांस को कुत्तों द्वारा नोच-नोंचकर खाने की जानकारी लगने पर नगर के कईं गौसेवक सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी व अन्य टैचिंग ग्राउण्ड ही पहुंच गए। सूचना सही पाई गई और मृत गायों के शवों को कुत्तों द्वारा नोंच-नोंचकर खाया पाया गया। गौवंश के साथ इस अमानवीयता को देखकर इंका जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने मौके से ही नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी को फोन लगाया। अवस्थी नगर पालिका अमले को लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और मृत गौवंश को बाकायदा दफनाने की कार्यवाही शुरू की। उधर, इसी मामले को लेकर मंगलवार देर शाम गौसेवा समिति के अनेकों सदस्यों एवं युवाओं द्वारा एनएच-52 पर चक्काजाम कर दिया गया।

### डेढ़ घंटे तक चलता रहा चक्काजाम, हुई नारेबाजी

गौसेवा समिति के सदस्यों एनएच-52 बिरसा मुंडा चैराहे के दोनों तरफ चक्काजाम लगाकर बैठ गए और काफी समय तक गौवंश के साथ हो रही अमानवीयता के विरोध में नारेबाजी की। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गौसेवकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने और मामले के जिम्मेदारों पर कार्यवाही और एसडीएम को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े रहे। गौसेवकों का कहना था कि भलेंही हमें जेल में डाल दिया जाए लेकिन गौमाता के साथ इस तरह की अमानवीयता हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। करीब डेढ़ घंटे तक चले चक्काजाम के दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में एसडीएम निधि भारद्धाज के मौके पर पहुंची और गौसेवकों की मांगों पर यथोचित आश्वासन दिया। इसके उपरान्त गौसेवक माने और चक्काजाम समाप्त किया।

### टैचिंग ग्राउंड पर पॉलीथिन खाते मिली अनेकों गाय

उक्त चक्काजाम के पूर्व जब गौसेवक व इंकाजन टैचिंग ग्राउण्ड पहुंचे तो वहां अनेकों गायें पॉलीथीन खाते हुए नजर आईं। गौवंश के शवों को कुत्तों द्वारा नोचे जाने, गायों के पॉलीथीन खाने सहित पूरे मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेताओं और प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जो सरकार गाय को गौमाता को दर्जा दे रही है उसी सरकार में राजगढ़ मुख्यालय गायों की दुर्दशा देखकर मन व्यतिथ हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से जिम्मेदारों पर मामले में कार्यवाही करने की मांग की।

### सारंगपुर तहसील कार्यालय में प्रारंभ हुई सत्यापन प्रक्रिया

# एसआईआर 2026 अभियान : 1117 संदिग्ध मतदाताओं की सुनवाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर 2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के तहत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 1117 मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जिनका स्वयं का तथा उनके माता-पिता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाया गया। इन मतदाताओं की वैधता की जांच एवं सत्यापन हेतु मंगलवार से तहसीलदार कार्यालय सारंगपुर में सुनवाई प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन कार्य को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से तीन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ नियुक्त किए गए हैं। पहले एईआरओ के रूप में सारंगपुर तहसीलदार, दूसरे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तथा तीसरे तहसीलदार पचोर को यह दायित्व सौंपा गया है। मंगलवार को इस क्रम में तहसीलदार आकाश शर्मा के कार्यालय में संदिग्ध मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया गया। बड़ी संख्या में मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए, जहां उनके जन्म, निवास, माता-पिता की जानकारी एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया गया। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं नियमों के अनुसार की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके और फर्जी नामों को हटाया जा सके। यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कड़ाके की सर्दी में सिंचाई के लिए बिजली, करेड़ी में चक्काजाम

## पूर्व विधायक कल्पोनी के नेतृत्व लामबंद हुए अनेकों किसान

**राजगढ़।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण सर्दी का दौर जारी है। ऐसे मौसम में भी बिजली विभाग द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए रात्रि के समय 10 घंटे बिजली प्रदाय की जा रही है। किसानों की इस समस्या को लेकर मंगलवार दोपहर करेड़ी और आसपास क्षेत्र के अनेकों किसानों ने पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में मेन रोड पर चक्काजाम लगा दिया। किसानों की मांग थी कि उन्हें रात में नहीं बल्कि दिन के समय बिजली दी जाए। काफी समय तक चले चक्काजाम की सूचना के बाद तहसीलदार अनिल शर्मा, विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर मौके पर पहुंचे और आक्रोषित किसानों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी किसान रात में नहीं बल्कि दिन में बिजली देने की मांग पर अड़े रहे ताकि कड़ाके की सर्दी में खेतों में पानी देने से बचा जा सके। बाद में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगे से उन्हें 6 घंटे दिन एवं 4 घंटे रात में बिजली प्रदाय की जाएगी।

# अत्यधिक धुंध के चलते कुंडक्या नाले के समीप पलटा ट्रक



**राजगढ़।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण सर्दी और बेहद कम दृश्यता के चलते सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि एक ट्रक हाईवे पर पलटी मार गया। रात्रि करीब ढाई बजे दुर्घटनाओं का हॉट-स्पॉट कहे जाने वाले कुंडक्या नाले के समीप हुए इस हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले चालक, क्लीनर को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त दोनों को भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सीमेंट की बोरियों से भरा ट्रक क्रमांक आरजे-01 जीसी-5363 अजमेर से सीहोर जा रहा था। इस दौरान रात्रि करीब 2.30 बजे अत्यधिक धुंध के चलते कुंडक्या नाले के घुमावदार मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठा और ट्रक रैलिंग से टकराकर पलटी मार गया। घटना की जानकारी लगने पर डॉयल-112 एवं कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई।

### संवाद से समाधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर की कार्यवाही

# 2 पटवारी सस्पेंड, एडीएम, एसडीएम, नायब तहसीलदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए हर मंगलवार संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शिकायतकर्ता एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को अपने सम्मुख खड़ा करके मामलों का निराकरण करवाने के साथ ही दोषियों पर कार्यवाही प्रस्तावित करते हैं।

कल राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों में दोषी पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरसिंहगढ़ के हल्का पटवारी प्रमोद तिवारी एवं सुठालिया क्षेत्र के पटवारी कैलाश नारायण वर्मा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही तलेन एवं सुठालिया के नायब तहसीलदार को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। एक शिकायतकर्ता द्वारा उनके खसरे की नकल अपडेट नहीं करने पर कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम सारंगपुर एवं तहसीलदार पचोर को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं सारंगपुर एसडीएम के रीडर की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए।



### हर शिकायत का निराकरण

एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता लखन तिवारी द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा हैं। किसान द्वारा किसान सम्मान निधि हेतु पंजीयन की कराया गया था। शिकायत की जांच मे पता चला की आवेदक की समग्र आईडी दो जगह नरसिंहगढ़ के तिदौनिया व भोजपुर में मेप होने से आवेदक को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। कलेक्टर ने हल्का पटवारी तिदौनिया व हल्का पटवारी भोजपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# बिजली कटौती के खिलाफ ज्ञापन



**कुरावर।** नगर कुरावर मे हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ वार्ड क्रमांक 9 पार्षद प्रतिनिधि तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र मीना के नेतृत्व मे वार्ड क्रमांक 9 के रहवासियो ने विद्युत विभाग कुरावर मे कनिष्ठ अभियंता के नाम से ज्ञापन सौंपा तथा कुरावर में अघोषित बिजली कटौती को तुरंत बंद कर परमानेंट समाधान के लिए कहा। डॉ मीना ने वार्ड 9 मे हो रही अघोषित कटौती के लिए पीपल चौक एरिया में 1 डीपी और लगाए जिससे लोड डिस्ट्रीब्यूशन हो सके के लिए मांग की। साथ मे समस्त नगर कुरावर में एवी स्विच लगाने की भी मांग की जिससे की जिस मोहल्ले मे लाइट खराब हुई है उस मोहल्ले की ही लाइट काटी जाये ना की पूरे नगर कुरावर की। इन मांगो को जल्द से जल्द पूरा करें अन्यथा अगला कदम उठाने की चेतावनी भी विद्युत विभाग को दी। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डॉ रविन्द्र मीना, पूर्व पार्षद इमरान बैग, राजेन्द्र चैहान, रिजवान जिलानी, भूपेंद्र सिंह, आफताब अली, उत्तम सिंह, किशोर सिंह, मोहन कुशवाह, दिनेश धनगर, संदीप प्रजापति, महेन्द्र सोलंकी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों का आरोप प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा



**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सारंगपुर जनपद की ग्राम पंचायत शामगी घाटा के गांव खेरखेड़ी में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप ग्रामीणों ने लगाते हुए बताया कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि पंचायत सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कराए गए सर्वे में गंभीर गड़बड़ियां की गईं। जिन लोगों के पास पहले से पक्के मकान बने हुए हैं, उन्हें भी योजना का लाभ दिलाने के लिए नाम लिखे है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद एवं कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को अपात्र बताकर लाभार्थी सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम जोड़कर अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम खेरखेड़ी में प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी की पुनः जांच कराई जाए तथा इस कथित फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# मनरेगा का नाम बदलना देश के साथ खिलवाड़: इंका जिलाध्यक्ष




**राजगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर केंद्र सरकार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) करने जा रही है। देश के करोड़ों मजदूरों के हितों से जुड़ी योजना का नाम और स्वरूप बदलने के विरोध में कांग्रेस द्वारा पूरे जिले और देश में आंदोलन किया जाने वाला है। इसी संदर्भ में मंगलवार दोपहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस मनरेगा जैसी महती योजना के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके मूल नाम में परिवर्तन करना न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपमान है बल्कि देश के करोड़ों मजदूरों के हितों से बहुत बड़ा खिलवाड़ भी है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी दिनों में 'मनरेगा बचाव संग्राम' आरंभ करने जा रही है। उन्होंने इस पूरे आंदोलन की विस्तृत भूमिका व कार्ययोजना मीडिया से सांझा की।


# प्रदेश सरकार के मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला



**माचलपुर।** भागीरथपुरा इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश भर में निरंतर विरोध प्रदर्शन का दौर चल रहा है। इस क्रम में सोमवार को नगर में भी विरोध प्रदर्शन करते हुये ब्लाक,नगर वा युवक कांग्रेस के संयुक्त तत्वधान में सराफ मैरिज गार्डन से विशाल मशाल जुलूस प्रारंभ किया जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने जलती हुई मशाल और की तस्वीर की तख्तियां हाथों में थामे हुये चल रहे थे। ये जुलूस नगर का भ्रमण कर बस स्टेंड चैराहा पर पहुंचा जहां पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार का अमानवीय चेहरा पूरे प्रदेश के सामने आ गया है,। आज दूषित पानी पीने से 16 बेकसूर लोगों को मौत को गले लगाना पड़ा और करीब 200 लोग आज भी बीमार है। फिर भी घमंडी मंत्री की इंदौर को अपना परिवार बताते है और महापौर जो मंत्री के चहेते है अपनी कुर्सी से चिपके हुए है,कांग्रेस पार्टी इन दोनों से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग करती हैं। साथ ही प्रत्येक मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने, प्रत्येक मृतक परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने वा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करती है।

# बल विवाह और कुरीतियों को दूर करने बैठक की आयोजित

## रविदास मंदिर पर ओबीसी महासभा किसान सेना एवं एससी एसटी महासंघ हुए शामिल



**ब्यावरा।** सुठालिया में रविदास मंदिर पर सामाजिक एकता की बैठक रखी गई जिसमें ब्यावरा से जिला अध्यक्ष डॉ कन्हैयालाल भारतीय ओबीसी महासभा किसान सेना भारत एवं एससी एसटी संयुक्त एकता महासंघ राजगढ़ ने बैठक को सम्बोधित किया और कहा कि समाज में एकता भाईचारा कायम रहे। कुरीतियों को समाप्त करना चाहिए जेसे बाल विवाह झगड़ा प्रथा खर्चीली सादियां और बेटा और बेटी दोनों को पढ़ाना माता सावित्रीबाई फुले शिक्षा की देवी के बारे में बताया एवं इस अवसर पर उपस्थित सतपाल बौद्ध लक्की बड़ोनिया राहुल वर्मा हिरालाल जी राजु ठेकेदार राजाराम वर्मा और सेंकड़ों कार्यकर्ता एवं मंदिर समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई भंडारे का आयोजन देहरी खेड़ा वाले ने किया इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों एवं माताएं बहनें एकसाथ मिलाकर शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया कि हमारे बच्चों को पढ़ाएंगे बैठक का संचालन सतपाल बौद्ध ने किया।

### वार्डवासियों ने जताया विरोध, अनियमितता बरतने पर एकजुट हुए रहवासी

# सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन कार्य के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सुदर्शन नगर स्थित धनगर मोहल्ले में कायाकल्प योजना अंतर्गत बन रही सीसी सड़क में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि मेजर सिक्युरिटी इंदौर द्वारा किए जा रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में न तो निर्धारित मोटाई का पालन किया जा रहा है और न ही आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

मंगलवार को जैसे ही सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ, मोहल्ले की कई महिलाएं और पुरुष मौके पर एकत्रित हो गए और ठेकेदार से काम रोकने की मांग की। वार्डवासियों का कहना है कि जहां मानकों के अनुसार 6 इंच मोटा बेस तैयार किया जाना चाहिए था, वहां अनियमित और कमजोर बेस बनाया गया है। इसी तरह 8 इंच मोटी सीसी सड़क के स्थान पर केवल 3 से 4 इंच मोटी कांक्रीट डाली जा रही है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कहीं पॉलिथिन शीट बिछाई गई है तो कहीं इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि सीसी रोड निर्माण में थैली (पॉलिथिन शीट) बिछाना अनिवार्य प्रक्रिया है। इसके अलावा निर्माण सामग्री के अनुपात में भी भारी गड़बड़ी की बात कही गई। मोहल्ले के जागरूक नागरिकों ने बताया कि कांक्रीट में न तो सही मिश्रण किया जा रहा है और न ही मानक अनुसार नमर्दा सेट का उपयोग हो रहा है, जबकि नियमों के तहत इसका प्रयोग अनिवार्य माना गया है।

हंगामे और विरोध की सूचना मिलने पर नगर पालिका की सीएमओ ज्योति सुनहरे मौके पर पहुंचीं। उन्होंने तत्काल इंजीनियर को बुलाकर निर्माण कार्य की जांच करवाई और ठेकेदार को मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही वार्डवासियों को आश्वासन दिया गया कि यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत के भेदभाव पूर्ण रवैया को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जीरापुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर में दूषित पानी सप्लाई एवं अन्य बिंदुओं को लेकर एसडीएम अंकिता जैन को ज्ञापन सौंपा गया। नगर परिषद द्वारा लोगों के साथ किए जा रहे भेद भाव पूर्ण रवैया, दूषित पानी सप्लाई करने, मनमाने तरीके से लोगों के मकान तोड़ने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि, आम जनता महिलाएं सहित पूर्व विधायक डॉ. रामप्रसाद दांगी, माचलपुर ब्लांक अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर खिलचीपुर ब्लांक अध्यक्ष जगदीश दांगी, ब्लांक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, रामगोपाल गुप्ता परोलिया, मोहनलाल पवांर आमलाबे, खेमराज वर्मा वकील, किसान कांग्रेस ब्लांक अध्यक्ष कन्हैयालाल दांगी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह से तहसील परिसर तक नारेबाजी करते हुए तहसीलदार आरपी सिंह गोंड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर पंचायत भेदभाव एवं अव्यस्थाओं की सीमा लांघ चुकी है। पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी ने प्रशासन को चेतावनी देते खुले शब्दों में कहा कि जो अव्यवस्था एवं निति विरूद्ध काम कर रहे हैं। 15 दिनों के अंदर इन दोषियो पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।